# Bihar Board Class 9 Geography Solutions Chapter 1 स्थिति एवं विस्तार

प्रश्न 1.
क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है ?
(क) 7 वाँ
(ख) 9 वाँ
(ग) 5 वाँ
(घ) 8 वाँ
उत्तर-
(क) 7 वाँ

प्रश्न 2.
भारत के अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार में लगभग कितने डिग्री ‘का अंतर है ?
(क) 45°
(ख) 40°
(ग) 30°
(घ) 35°
उत्तर-
(ग) 30°

प्रश्न 3.
भारत की मानक मध्याह्न रेखा का मान है
(क) 83930′
(ख) 81°53′
(ग) 82°30′
(घ) 80°30′
उत्तर-
(ग) 82°30’

प्रश्न 4.
भारत की स्थलीय सीमा रेखा तटीय सीमा रेखा से लगभग कितनी बड़ी है ?
(क) आधी
(ख) दुगुनी
(ग) तिगुनी

evidyarthi

(घ) चौगुनी
उत्तर-
(ख) दुगुनी

प्रश्न 5.
भारत एवं चीन के बीच की सीमा रेखा का नाम है
(क) रेडक्लिफ लाइन
(ख) मैकमोहन लाइन
(ग) ग्रीनवीच लाइन
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-
(ख) मैकमोहन लाइन

रिक्त स्थान की पूर्ति करें :

1. भारत का क्षेत्रफल ..................... वर्ग कि०मी० है जो विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का ....................... % है।
2. भारत का मुख्य भू-भाग ....................... उत्तर से ................ उत्तर – अक्षांश तथा ................ पूर्व देशांतर से ....... .. पूर्व
देशांतर तक है।
3. भारत में कुल ..... .... राज्य एवं .......... केन्द्र शासित प्रदेश हैं।
4. श्रीलंका भारत से ........... एवं ....... द्वारा अलग हुआ है।
5. कोसी नदी को बिहार का ........... कहते हैं जो हिमालय के ।
................: पर्वत से निकलती है।
उत्तर-
1. 23.8 लाख,
2.4 2. 894′, 37°6′, 68°7′, 97225′
3. 28.7,
4. मन्नार की खाड़ी, पाक जल संधि
5. शोक, कैलाश।

कारण बताएँ

प्रश्न 1.
भारत का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार लगभग समान है किन्तु भूमि पर दोनों की वास्तविक दूरी समान नहीं है, क्यों ?
उत्तर-
इसका कारण यह है कि पृथ्वी पर अंतरअक्षांशीय दूरी समान रहती है किन्तु अंतरदेशीय दूरी जैसे-जैसे ध्रुव की ओर जाती हैं कम होती जाती है।

प्रश्न 2.
भारत के अरुणाचल प्रदेश के निवासी सौराष्ट्र के निवासियों की तुलना में सूर्योदय होने से 2 घंटा पहले ही उठ जाते हैं, क्यों?


https://www.evidyarthi.in/

उत्तर-
इसका कारण है

- अरूणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग की अंतिम देशान्तर रेखा 97225′ पूर्व है जबकि सौराष्ट्र के पश्चिमी भाग की अंतिम देशान्तर रेखा 6827′ पूर्व है। इनमें लगभग 30 देशान्तर रेखाओं का अन्तर है।
- सूर्य पूरब में निकलता है। अतः पूरब में समय आगे होगा, पश्चिम की अपेक्षा।
- हर देशान्तर रेखा पर सूर्य निकलने के समय में 4 मिनट
(24×60360) का अंतर आता है
- इस प्रकार सौराष्ट्र के पश्चिमी भाग में अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग की अपेक्षा समय 2 घंटे पीछे है, (4 × 30 = 120 मिनट अर्थात् 2 घंटे। .
- देश की घड़ियाँ 80°30′ पूरब हैं। यह इलाहाबाद से होकर गुजरती है, तो जब इलाहाबाद में दिन का 12 बजता है तो सम्पूर्ण देश की घड़ियों में 12 बजता है।

प्रश्न 3.
भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य में जाड़े की ऋतु में जहाँ लोग गर्म कपड़े में लिपटे रहते हैं वहीं दक्षिण राज्य केरल के निवासी खुले बदन एवं लुंगी में रहते हैं, क्यों?
उत्तर-
इसका कारण यह है कि भारत का उत्तरी किनारा जम्मू-कश्मीर राज्य 37°6′ अक्षांश रेखा इसके उत्तरी किनारे से गुजरती है । अतः विषुवत रेखा से यह काफी दूरी पर है तथा सूर्य की किरणें यहाँ अत्यन्त तिरछी पड़ती हैं। फलतः यहाँ सूर्य ताप कम मिलता है और जाड़े की ऋतु में अत्यधिक ठंढक पड़ती है। इसके विपरीत भारत का दक्षिणी भाग-केरल विषुवत रेखा के काफी निकट है । अतः यहाँ सूर्य की किरणें अपेक्षाकृत सीधी पड़ती है और सूर्य ताप अधिक मिलता है। इस तरह जाड़े में जम्मू-कश्मीर में पुरुष गर्म कपड़े और चादरों में लिपटे रहते हैं वहीं केरल का किसान लुंगी पहने नंगे वदन खेती करता है।

प्रश्न 4.
भारत की तटीय सीमा रेखा काफी लंबी है, क्यों?
उत्तर-
कारण यह है कि भारत के दक्षिण में हिन्द महासागर, पूरब में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर है । यह तीनों और समुद्र से घिरा है। इसी प्रायद्वीपीय आकार के कारण भारत की तटीय सीमा काफी लंबी है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
भौगोलिक क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत से बड़े सभी देशों का नाम क्रमवार लिखें। उत्तर-भौगोलिक क्षेत्रफल से भारत से बड़े सभी देशों के नाम क्रमवार इस प्रकार हैं
उत्तर-
(i) रूस – 170 लाख वर्ग किमी० ।
(ii) कनाडा – 99.7 लाख वर्ग किमी० ।
(iii) संयुक्त राज्य अमेरिका – 98 लाख वर्ग किमी० ।
(iv) चीन – 95.9 लाख वर्ग किमी०
(v) ब्राजील – 85.4 लाख वर्ग किमी० ।
(vi) आस्ट्रेलिया – 76.8 लाख वर्ग किमी० ।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में स्थित भारत के द्वीप समूहों के नाम लिखें।
उत्तर-
बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह है–अंडमान और निकोबार द्वीप समूह । अरब सागर में स्थित द्वीप समूह हैं-लक्षद्वीप तथा मालदीव द्वीप समूह ।

प्रश्न 3.
भारत की स्थलीय सीमा रेखा को छूने वाले सभी पड़ोसी देशों के नाम लिखें।
उत्तर-
भारत की स्थलीय सीमा रेखा को छूने वाले देश हैं-पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, बंगलादेश तथा म्यांमार हैं।

प्रश्न 4.
भारत के कौन से राज्य अंतरराष्ट्रीय सीमा तथा समुद्र तट को स्पर्श नहीं करते हैं।
उत्तर-
भास्त के राज्यों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली तथा असम है जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा तथा समुद्र तट को स्पर्श नहीं करते हैं।

प्रश्न 5.
जलसंधि किसे कहते हैं ?
उत्तर-
जलसंधि जल का वह संकीर्ण हिस्सा है जो दो सागरों को विभाजित करता है। जैसे पाक जलसंधि द्वारा भारत और श्रीलंका अलग होता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न


प्रश्न 1.
भारत के अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार का इसके समय पर क्या प्रभाव पड़ता है ? स्पष्ट करें।
उत्तर-
भारत के अक्षांशीय विस्तार से समय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । इसके विस्तार से सर्दी गर्मी का प्रभाव पड़ता है। समय पर प्रभाव देशान्तरीय विस्तार के कारण होता है। भारत में अरुणाचल प्रदेश और कच्छ के बीच स्थानीय समय में 2 घंटों का अन्तर है। इन दोनों में 30° देशान्तरीय बिस्तार है। भारत की मानक देशान्तर रेखा 82°30′ पूवी देशान्तर है, जो इलाहाबाद के नैनी से होकर गुजरती
पृथ्वी 24 घंटे में 360° देशान्तर घूम जाती है । अतः 1° देशान्तर पार करने में पृथ्वी को 4 मिनट का समय लगता है और अरुणाचल प्रदेश के बीच 30° देशानतर का अंतर है। अतः 30°x 4 मिनट = 120 मिनट अर्थात् 2 घंटे हुए। यानी दोनों स्थानों के समय में दो घंटों का अंतर है।

यह अंतर स्थानीय समय का है । पर पूरे देश में एक समय निर्धारित रहता है। भारत में मानक समय है 829-30′ अर्थात् नैनी का समय । यहाँ जब सूर्य ठीक सिर पर आता है तो दिन का 12 बजता है और वही समय पूरे देश में लागू होता है, ताकि समय की एकरूपता बनी रहे ।

मानचित्र कौशल


https://www.evidyarthi.in/

मानचित्र की सहायता से निम्नलिखित की पहचान करें-
(i) भारत के सभी राज्यों की राजधानियाँ ।
(ii) केन्द्र शासित प्रदेशों की राजधानियाँ।
(iii) सबसे लंबी तटरेखा वाला राज्य ।
(iv) भारत का दक्षिणतम बिन्दु ।
(v) भारत की मुख्य भूमि का दक्षिण शीर्ष बिन्दु ।
(vi) भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि ।
(vii) भारतीय उपमहाद्वीप किन देशों से मिल कर बनता है।
(viii) सार्क सदस्यों को चिह्नित करें।
उत्तर-
(i) भारत के सभी राज्यों की राजधानियाँ-




नोट : राजधानियों को उत्तर के क्रम में दर्शाया गया है।


https://www.evidyarthi.in/

| राज्य | राजधानी | राज्य | राजधानी |
|---|---|---|---|
| 1. बिहार | पटना | 2. असम | दिसपुर |
| 3. कर्नाटक | बंगलोर | 4. गुजरात | गाँधीनगर |
| 5. तमिलनाडु | चेन्नई | 6. नागालैंड | कोहिमा |
| 7. हरियाणा | चण्डीगढ़ | 8. मध्यप्रदेश | भोपाल |
| 9. मेघालय | शिलांग | 10. हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 11. मिजोरम | आइजोल | 12. गोवा | पणजी |
| 13. उत्तरांचल | देहरादून | 14. प० बंगाल | कोलकता |
| 15. आन्ध्र प्रदेश | हैदराबाद | 16. उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 17. केरल | तिरूवनन्तपुरम | 18. त्रिपुरा | अगरतल्ला |
| 19. जम्मू-कश्मीर | श्रीनगर | 20. पंजाब | चण्डीगढ़ |
| 21. मणिपुर | इम्फाल | 22. महाराष्ट्र | मुम्बई |
| 23. राजस्थान | जयपुर | 24. सिक्किम | गंगटोक |
| 25. अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | 26. छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 27. उड़ीसा | भुवनेश्वर | 28. झारखण्ड | राँची |

(ii) केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यालय :

| राज्य | मुख्यालय |
|---|---|
| 1. दिल्ली | नई दिल्ली |
| 2. चण्डीगढ़ | चण्डीगढ़ |
| 3. लक्षद्वीप | कवरती |
| 4. दमन दीव | दमन |
| 5. अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह | पोर्टब्लेयर |
| 6. पांडिचेरी | पांडिचेरी |
| 7. दादर व नागर हवेली | सिलवासा |

(iii) सबसे लंबी तटरेखा वाला राज्य है–गुजरात।
(iv) भारत का दक्षिणतम बिन्दु-इंदिरा प्वाइंट ।
(v) भारत की मुख्य भूमि का दक्षिण शीर्ष बिन्दु-कन्याकुमारी ।
(vi) भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि-पाक जलसंधि।
(vii) भारतीय उपमहाद्वीप निम्नांकित देशों से मिलकर बनता हैउत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान, मध्य में भारत, उत्तर में नेपाल, उत्तर-पूर्व में भूटान और पूर्व में बंगलादेश ।.
(viii) सार्क सदस्य देश हैं-भारत, नेपाल, बंगलादेश, श्रीलंका,. भूटान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, मालदीव ।


https://www.evidyarthi.in/